समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सिर्फ 11 रुपये मे विदेश यात्रा ! वियतजेट दे रही है जबरदस्त ऑफर, जानिए कैसे बुक करे फ्लाइट टिकट

Publisher
Published on 29 Oct 2025




महंगाई के इस दौर में जहां 11 रुपये में अब एक कप चाय तक नहीं मिलती, वहीं **वियतनाम की एयरलाइन VietJet Air** ने यात्रियों को ऐसा ऑफर दिया है जिसने सबको चौंका दिया है। कंपनी ने ऐलान किया है कि वह यात्रियों को मात्र **₹11 मे इंटरनेशनल फ्लाइट टिकट** दे रही है। यह एकतरफा टिकट ऑफर है, जिसमें टैक्स और अन्य चार्ज अलग से चुकाने होंगे।

इस ऑफर के तहत यात्रियों को वियतनाम सहित कई अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशनों के लिए बेहद सस्ते दामों पर यात्रा का मौका मिल रहा है। अगर आप लंबे समय से विदेश यात्रा का प्लान बना रहे हैं, तो यह मौका आपके लिए सोने पर सुहागा साबित हो सकता है।

### क्या है वियतजेट का ऑफर ?

वियतनाम की लो-कॉस्ट एयरलाइन VietJet ने अपने "**11 रुपये सेल ऑफर**" की घोषणा की है। इस स्कीम के तहत यात्रियों को केवल 11 रुपये बेस किराए में फ्लाइट टिकट मिल सकती है। हालांकि, इसमें एयरपोर्ट टैक्स, सिक्योरिटी फीस और अन्य चार्ज शामिल नहीं हैं, जिन्हें टिकट बुकिंग के समय अलग से देना होगा।

कंपनी के अनुसार, यह ऑफर सीमित समय के लिए है और टिकटें पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होंगी। यात्रियों को वियतनाम के हनोई, हो ची मिन्ह सिटी, फू क्वोक जैसे शहरों के अलावा भारत से वियतनाम, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया और जापान जैसे देशों के लिए यह टिकट बुक करने का मौका मिलेगा।

### कब और कैसे कर सकते है बुंकिंग

VietJet की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर यह ऑफर हर दिन दोपहर **12 बजे से 3 बजे** तक उपलब्ध रहेगा। यात्रियों को अपने ट्रैवल डेट्स चुनकर ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी।

कंपनी ने बताया कि यह ऑफर **29 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025** तक लागू रहेगा और इसमें यात्रा अवधि **जनवरी 2026 से सितंबर 2026** के बीच रहेगी। यानी अगर आप अगले साल की विदेश यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो अभी बुकिंग करके भारी बचत कर सकते हैं।

बुकिंग के लिए यात्रियों को वियतजेट की आधिकारिक वेबसाइट www.vietjetair.com पर जाकर फ्लाइट सर्च करनी होगी। यहां "11 रुपये ऑफर" वाले टिकटों की श्रेणी दिखाई देगी, जिसे चुनकर यात्री आगे की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

## किन देशों के लिए है यह ऑफर

यह स्कीम खास तौर पर उन यात्रियों के लिए फायदेमंद है जो भारत से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की यात्रा करना चाहते हैं। VietJet की फ्लाइट्स भारत के दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता और हैदराबाद से वियतनाम के प्रमुख शहरों तक जाती हैं।

इसके अलावा यात्रियों को वियतनाम से आगे सिंगापुर, बैंकॉक, कुआलालंपुर, टोक्यो और सियोल जैसे गंतव्यों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट्स भी मिल सकती हैं।

इस तरह, केवल 11 रुपये में आप भारत से वियतनाम और वहां से एशिया के कई देशों तक बेहद सस्ती यात्रा कर सकते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि **यह ऑफर केवल बेस किराए** पर लागू है — टैक्स और अन्य शुल्क इसके अतिरिक्त होंगे।

दरअसल, वियतजेट एयर एशिया में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए इस तरह के प्रमोशनल ऑफर निकालती रहती है। कंपनी का उद्देश्य अधिक से अधिक यात्रियों को आकर्षित करना और नए रूट्स पर अपनी उपस्थिति मजबूत बनाना है। इस ऑफर से कंपनी को उम्मीद है कि भारत और वियतनाम के बीच हवाई यात्रा में तेजी आएगी। भारत वियतनाम का एक तेजी से उभरता हुआ पर्यटन बाजार है और ऐसे ऑफर यात्रियों के लिए किफायती विकल्प प्रदान करते हैं।

## यात्रियों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- यह ऑफर सीमित सीटों के लिए है, इसलिए बुकिंग जल्द करनी होगी।
- टैक्स और अन्य शुल्क टिकट की कीमत को कई गुना बढ़ा सकते हैं, इसलिए फाइनल पेमेंट से पहले सभी शुल्कों की जांच करें।
- टिकटें नॉन-रिफंडेबल होंगी, यानी एक बार बुक करने के बाद बदलाव या रद्द करने पर कोई रिफंड नहीं मिलेगा।
- ऑफर केवल वियतजेट की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप से बुकिंग पर ही मान्य है।

इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर "**#VietJetOffer**" और "**11RupeesFlight**" जैसे हैशटैग ट्रेंड करने लगे हैं। लोग इस ऑफर को लेकर काफी उत्साहित हैं और वेबसाइट पर टिकट बुक करने के लिए भारी ट्रैफिक देखा जा रहा है। कई ट्रैवल इंफ्लुएंसर्स ने इसे "साल का सबसे सस्ता इंटरनेशनल ट्रैवल ऑफर" बताया है।

अगर आप भी लंबे समय से विदेश यात्रा का सपना देख रहे हैं लेकिन महंगे टिकट दामों की वजह से पीछे हट रहे थे, तो यह ऑफर आपके लिए शानदार मौका है। मात्र **₹11 के बेस फेयर** में विदेश यात्रा करना भले ही सुनने में असंभव लगे, लेकिन वियतजेट ने इसे संभव बना दिया है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.